Date:
P. No:

# Chapter - 3

## भूमण्डलीकृत विश्व का बनना

प्रश्न 1 बहुराष्ट्रीय कंपनी किसे कहते है?

उत्तर एक साथ बहुत सारे देशो में व्यवसाय करने वाली कम्पनियो को बहुराष्ट्रीय कम्पनी कहते है। ज्यादातर सरकारे बाहर के देशो को अपने देश में व्यवसाय करने के लिए बुलाती है।

प्रश्न 2 निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए?

(1) कॉर्नलॉक को समाप्त करने के बारे में ब्रिटिश सरकार का फैसला -

उत्तर कार्नलौक :- 18वी सदी के आखिरी दशको में ब्रिटेन की आबादी तेजी से बढ़ने लगी थी परिणामस्वरूप देश में भोजन की माँग भी बढ़ी मॉंग बढ़ने से कृषि उत्पादो की कीमते भी बढ़ने इसके बाद बड़े भूस्वामियो के दबाव में सरकार ने कॉर्न के आयात पर पाबंदी लगा दी उसे कॉर्नलॉक कहा जाता है, खाद्य पदार्थो की ऊँची कीमतो को मजदूर से परेशान उद्योगतियो और शहरी लोगो ने सरकार को मजबूर कर दिया कि कॉर्नलॉक को फोरन समाप्त कर दिया जाए कॉर्नलॉक समाप्त होने के बाद बहुत कम कीमत पर खाद्य पदार्थो का आयात किया जाने लगा।

Date:
P. No:

प्रश्न 3 रिंडर पेस्ट पर टिप्पणी करे।

रिंडर पेस्ट :-

उत्तर अफ्रीका में 1890 के दशक मे रिंडरपेस्ट नामक बीमारी बहुत तेजी से फैल गई मवेशियो मे प्लेग की तरह फैलने वाली इस बीमारी से लोगो की आजीविका और स्थानीय अर्थव्यवस्था प गहरा असर पड़ा। यह बीमारी ब्रिटिश आधिपत्य वाले एशियाई देशो से आए जानवरो से फैली थी।
आए जानवरो इस बीमारी के कारण 90% मवेशियो की मौत हो गई। पशुओ की मौत से आजीविका समाप्त हो गई जिसके कारण सारा अफ्रीका धीरे - धीरे औपनिवेशिक ताकतो का गुलाम बनकर रह गया।

---

प्रश्न-4 विश्व युद्ध के कारण यूरोप मे कण कार्यी उम्र के पुरुषो की मौत हुई इसपर टिप्पणी करे ?

उत्तर प्रथम विश्व युद्ध लगभग 4 वर्षो तक चला इस युद्ध के कई विनाशकारी परिणाम हुए इस युद्ध के लिए पूरी दुनिया से लाखो सैनिको को भर्ती किया गया इस युद्ध मे 90 लाख से ज्यादा लोग मारे गए लगभग 2 करोड़ लोग घायल हुए।
मृतको मे ज्यादा काम काजी उम्र के

Date:
P. No:

लोग थे इस महा विनाश के कारण यूरोप का कामकाज के लायक लोगो की संख्या कम हो गई तथा परिवार के सदस्य घट जाने से युद्ध के बाद परिवारो की आय भी गिर गई परिणामस्वरूप घर की औरतो को काम के लिए बाहर निकलना पड़ा।

प्रश्न-5 भारतीय अर्थव्यवस्था पर महामंदी का प्रभाव बताइए।

उत्तर. 20वी शताब्दी के प्रारम्भिक दशको मे भारत से कृषि वस्तुओ का निर्यात और निर्मित समान का आयात बड़े पैमाने पर होने लगा। महामंदी के कारण इस प्रक्रिया पर बुरा असर पड़ा।
महामंदी का प्रभाव कृषि उत्पादो पर भी पड़ा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कीमते बढ़ गई थी।

प्रश्न 6 बहुराष्ट्रीय कंपनियो द्वारा अपने उत्पादन को एशियाई देशो में स्थानांतरित करने का फैसला लिया गया इसपर टिप्पणी करे

उत्तर (1) प्रारम्भ में बहुराष्ट्रीय कंपनियो की स्थापना 1920 के दशक में की गई थी। 1970 के दशक के मध्य से इसमे काफी परिवर्तन आया।

(2) बड़ी कंपनियों को अपने सयंत्र उन्ही देशो में लगाना पड़ता था, वहा के अपना

Date:
P. No:

उत्पाद बेचना चाहते थे।

(iii) 1970 के दशकों के बीच में बेरोजगारी बढ़ने लगी। इस समय बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने एशिया के ऐसे देशों में उत्पादन केन्द्रित किया जहाँ कम वेतन दिया जाता था।

प्रश्न रेशममार्ग क्यों महत्वपूर्ण था?

रेशमार्ग एक :- ऐसा मार्ग था जो एशिया के विशाल भागों को परस्पर जोड़ने के साथ ही यूरोप तथा उत्तरी अफ्रीका से जा मिलते थे इस मार्ग से अधिकांश सिल्क [रेशम] का व्यापार होता था इसलिए इसे रेशममार्ग कहा जाता है।

प्रश्न 8 अमेरिका की खोज से दुनिया में होने वाले परिवर्तन का वर्णन कीजिए?

उत्तर अमेरिका की खोज कोलम्बस ने 1492 में की थी इसकी खोज के बाद निम्न परिवर्तन दिखाई दिए-

(1) यूरोप और एशिया के लोगों के लिए समुद्री रास्ता खुलना ~~एक~~ जगह से दूसरी जगह ~~उस~~ जा रही ~~थी~~। अमेरिका से तरह-तरह के लोग, समाज, ज्ञान, परम्पराएँ एक जगह से दूसरी जगह जा जा रही थी।

theboardstudy.com

6

Date:
P. No:

(ii) पुर्तगाली और स्पेनिश सेनाओं की विजय से अमेरिका को गुलाम बनाया गया जिससे यूरोपियों का अमेरिका जाने का रास्ता साफ हुआ।

(iii) अमेरिका की खोज होने से विशाल भूमि, फसलें, खनीज पदार्थ दुनिया में परिवर्तन करने के लिए काफी थे।
~~अमेरिका से बस्ट-नस्ट~~

प्रश्न-9 प्रथम विश्व युद्ध का विश्व पर क्या प्रभाव पड़ा।

उत्तर प्रथम विश्व युद्ध 1914 से लेकर 1919 तक चला यह युद्ध दो खेमो में लड़ा गया एक तरफ मित्र राष्ट्र यानि ब्रिटेन, फ्रांस, और रूस थे तथा दूसरी तरफ जर्मनी, आस्ट्रीया, तुर्की थे इस युद्ध के विश्व पर निम्न प्रभाव पड़े।

(i) यह पहला आधुनिक औद्योगिक युद्ध था इसमें मशीन, गनों, टैंकों तथा आधुनिक हथियारों का प्रयोग किया गया।

(ii) इस युद्ध में 90 लाख से भी ज्यादा लोग मारे गए तथा 2 करोड़ लोग घायल हुए।

theboardstudy.com

Date:
P. No:

(iii) इस महाविनाश के कारण लाखों कामकाजी लोग मारे गए। जिससे उनके परिवारों की स्थिति दयनीय हो गई।

(iv) इस युद्ध के लिए ब्रिटेन को अमेरिका से भारी कर्जा लेना पड़ा।

(v) इस प्रकार युद्ध से पहले ब्रिटेन दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी लेकिन युद्ध के बाद यह देश कर्जदार बन गया।

प्रश्न 10 18 वीं शताब्दी के अंत में हुए उन परिवर्तन का वर्णन करें। जिसने ब्रिटेन के स्वरूप को बदल दिया?

उत्तर 18 वीं शताब्दी के अंत में ब्रिटेन में निम्न परिवर्तन हुए

(i) ब्रिटेन की संख्या तेजी से बढ़ी जिससे खाद्यान्न समस्या पैदा हो गई।

(ii) भूस्वामियों के दबाव में आकार सरकार ने कॉर्न लॉ लागू कर दिया।

(iii) ब्रिटेन अपनी जनता का पेट भरने के लिए जंगलों को साफ करके खेती योग्य भूमि में बदलने लगे।

(iv) कृषि क्षेत्रों को बन्दरगाहों से जोड़ने के लिए रेलवे का विकास किया

Date:
P. No:

प्रश्न 11 केनाल (नहर) कॉलोनी किसे कहा जाता है

उत्तर पंजाब में कृषि को उन्नत बनाने के लिए नहरे का जल बिछा दिया (नहरो से सिंचाई वाले इलाको में पंजाब के अन्य स्थानो के लोगो को लाकर बसाया गया उनकी बसतियो को केनाल कॉलोनी कहा जाता था

प्रश्न- 12 अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक व्यवस्था क्या है?

उत्तर अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक व्यवस्था राष्ट्रीय मुद्राओ और मौद्रिक व्यवस्थाओ को एक-दूसरे से जोड़ने वाली व्यवस्था है। इसमें राष्ट्रीय मुद्राएँ जैसे - रुपया, डॉलर आदि के साथ एक निश्चित विनिमय दर से बंधा हुआ था उदाहरण के लिए एक डॉलर के बदले कितने रुपये देने होंगे यह निश्चित हुआ करता था।

प्रश्न- 13 ब्रेटन वुड्स समझौते का क्या अर्थ है?

उत्तर युद्ध के बाद अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य यह था कि औद्योगिक विश्व में आर्थिक स्थिरता एवं पूर्ण रोजगार बनाए रखा जाए इन ढाँचे पर जुलाई 1944 में अमेरिका स्थित ब्रेटन वुड्स नामक, स्थान पर संयुक्त राष्ट्र मौद्रिक एवं वित्तिय सम्मेलन में सहमाति बनी थी इसी को ब्रेटन वुड्स समझौते के नाम से जाना जाता है।

Date:
P. No:

इस सम्मेलन में ही अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना की गई।

प्रश्न 15 उन्नीसवीं शताब्दी में हजारों लोग यूरोप से अमेरिका क्यों जाने लगे?

उत्तर यूरोप में गरीबी की भरमार भुखमरी बीमारियाँ धार्मिक टकराव व धार्मिक असंतुष्ट को कठोर दंड देने के कारण तथा अमेरिका में खेती योग्य भूमि अधिक होने और जनसंख्या श्रम होने के कारण बहुत से यूरोपीय लोग अमेरिका जाने लगे।

प्रश्न 16 विनिमय दर का अर्थ बताइए?

उत्तर विनिमय दर वह व्यवस्था है, जिसके जरिए अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की सुविधा के लिए विभिन्न देशों की राष्ट्रीय मुद्राओं को एक-दूसरे से जोड़ा जाता है, अर्थात एक दूसरे की मुद्राओं की खरीद - बिक्री की जाती है।

प्रश्न 16 आयात शुल्क (टैरिफ) से क्या तात्पर्य है?

Imp

उत्तर किसी दूसरे देश से वसूल किए जाने वाला शुल्क आयात शुल्क कहलाता है। यह शुल्क उस जगह लिया जाता है जहाँ से वस्तु अन्य देशों से आती है, यह देश की सीमा पर या हवाई-अड्डे पर लिया जाता है।

Date:
P. No:

प्रश्न 17 प्राचीनकाल मे वैश्वीकरण की प्रक्रिया का स्वरूप क्या था?

उत्तर प्राचीनकाल में भी विभिन्न मानव समाज एक दूसरे के नजदीक आने लगे थे, जिससे वैश्वीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई।

(i) इस समय यात्री, व्यापारी, पुजारी, अवसरों और आध्यात्मिक शांति के लिए या उत्पीड़न जीवन से बचने के लिए लम्बी यात्राएँ करते थे।

(ii) अपनी यात्राओं में ये लोग वस्तुओं पैसा, मान्यताएँ विचार और आविष्कार आदि के साथ कीटाणु व बीमारियां लेकर चलते थे।

theboardstudy.com